# महिलाओं ने संभाली रेल संचालन की कमान

## महिला कर्मचारियों ने यात्रियों को महिला दिवस की दी शुभकामनाएं

- अपनी दक्षता, नेतृत्व क्षमता और समर्पण का परिचय दिया
- झांसी से ग्वालियर के बीच महिला रेलकर्मियों ने किया संचालन

**ग्वालियर, 08 मार्च. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे में महिला सशक्तिकरण की प्रेरक झलक देखने को मिली. इस अवसर पर महिला रेलकर्मियों ने विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अपनी दक्षता, नेतृत्व क्षमता और समर्पण का परिचय दिया.**

महिला संचालित दतिया रेलवे स्टेशन पर महिला दिवस के मौके पर विशेष उत्साह का माहौल रहा.

स्टेशन को आकर्षक ढंग से सजाया गया और महिला कर्मचारियों व यात्रियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गई.



बुकिंग कार्यालय में मधु शर्मा, ज्योति व्यास और अंकिता दिवगैयां ने टिकटिंग कार्य संभाला, जबकि स्टेशन संचालन में डिप्टी एसएस शिवानी आर्य ने पैनल संचालन की जिम्मेदारी निभाई.

उनके साथ कांटेवाला कीर्ति ने सहयोग किया. आरपीएफ उप निरीक्षक उमा यादव और उप मुख्य टिकट निरीक्षक वंदना मिश्रा की टीम ने महिला यात्रियों को पुष्प भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया.

गाड़ी संख्या 11108 बुंदेलखंड एक्सप्रेस का संचालन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से ग्वालियर के बीच पूरी तरह महिला रेलकर्मियों द्वारा किया गया. लोको पायलट कौशल्या देवी और सहायक लोको पायलट दीप्ति ने ट्रेन चलाई, जबकि महिला गार्ड और टीटीई ने भी जिम्मेदारियां निभाईं. ग्वालियर स्टेशन पर पहुंचने पर अधिकारियों ने महिला स्टाफ का स्वागत कर सम्मानित किया. मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि भारतीय रेल की प्रगति में महिला कर्मचारियों का योगदान महत्वपूर्ण है और वे अपने समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही हैं.

## ज्वेलरी कंपनी से 60 लाख से अधिक के सोने के गहने हड़पने का आरोप

**इंदौर, 08 मार्च.** तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी कंपनी से लाखों रुपए के सोने के आभूषण लेने के बाद उन्हें न तो बेचने और न ही कंपनी में जमा करने का मामला सामने आया है. शिकायत के आधार पर पुलिस ने महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि फरियादी रजत माहेश्वरी निवासी सेक्टर-ए, डी स्कीम नंबर 74सी इंदौर तथा डायरेक्टर रजत जेम्स एंड ज्वेलरीज प्रा.लि., सिटी सेंटर एमजी रोड ने शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी कई वर्षों से इंदौर में आभूषणों के विक्रय का व्यापार कर रही है. मेघा राठौर निवासी भक्त प्रहलाद नगर ने 21 जनवरी से 9 फरवरी के बीच सात अलग-अलग पार्टियों के नाम पर कंपनी से गोल्ड अप्रूवल वाउचर के माध्यम से सोने के आभूषण लिए. इन वाउचरों के जरिए 357.66 ग्राम सोने की ज्वेलरी, जिसकी कीमत करीब 60 लाख 97 हजार 133 रुपए है, कंपनी से ले ली. शिकायत में यह भी बताया गया है कि उक्त ज्वेलरी को न तो बेचा गया और न ही कंपनी को वापस जमा कराया. साथ ही ज्वेलरी के एवज में कोई राशि भी कंपनी को जमा नहीं कराई गई.

## जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर को जमानत

- असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर. चार लाख रूपए की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किये गए सेंट्रल जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा को हाईकोर्ट से राहत मिल गई है. जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने ट्रायल के दौरान अभियोजन को सहयोग करने व अन्य शर्तों पर जमानत का लाभ दे दिया.**

गौरतलब है कि कारोबारी विवेक त्रिपाठी ने सीबीआई को शिकायत देकर सीजीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर विवेक वर्मा व अन्य पर जीएसटी टैक्स मामले में चार लाख रूपए की रिश्वत मांगने के आरोप लगाए थे. सीबीआई ने 17 दिसंबर 2025 को ट्रैप के दौरान सह-आरोपी को पकड़ा. बाद में विवेक वर्मा को 18 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया.

विवेक वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त ने कोर्ट में कहा कि शिकायत और एफआईआर में आवेदक का नाम नहीं था. तीनों वेरिफिकेशन रिपोर्ट में भी उसका नाम का उल्लेख नहीं किया गया. ट्रैप के दौरान सह.आरोपी और आवेदक के बीच हुई मोबाईल बातचीत में रिश्वत मांगने का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है. गवाहों ने भी विवेक



वर्मा के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया. दलील दी गई कि आवेदक 85 प्रतिशत दिव्यांग है और उसका बायां पैर कट चुका है. उसके खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है.

चार्जशीट दाखिल हो चुकी है और ट्रायल पूरा होने में समय लगेगा. वहीं, सीबीआई की ओर से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि शिकायतकर्ता और अन्य व्यक्तियों के बीच हुई बातचीत से रिश्वत मांगने के आरोप का समर्थन होता है. इसके अलावा प्री-ट्रैप मेमों के अनुसार चार लाख रुपये बरामद किए गए हैं, इसलिए आरोपी को जमानत नहीं दी जानी चाहिए.

### आवेदक के दावे पर लो उचित निर्णय

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने पीएचई के इंजीनियर इन चीफ को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता कर्मचारी को नियमित स्थापना वेतनमान का निर्धारण कर उसका भुगतान करने के संबंध में निर्णय लें. इसके अलावा प्रमोशन का लाभ देने पर भी विचार करें. जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी है.

### दांपत्य समाप्त करने की मांग अदालत ने की स्वीकार

**जबलपुर.** कुटुम्ब न्यायालय के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश संदीप शर्मा की अदालत ने क्रूरता साबित पाते हुए दांपत्य समाप्त करने मांग स्वीकार कर ली. इसी के साथ जबलपुर निवासी पति अभिषेक ने राहत की सांस ली. उसने पत्नी जयंती से विवाह विच्छेद की मांग की थी. आवेदक की ओर से अधिवक्ता एचआर नायडू ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि आवेदक व अनावेदक का विवाह 18 मई 2021 को विवाह अधिकारी के समक्ष हुआ था. चूंकि विवाह कोरोना काल में हुआ था. अतः कोई मांग नहीं की गई थी. कुछ दिन बाद पत्नी मायके चली गई. वह अकारण ससुराल आने से मना करने लगी. इस वजह से आवेदक को मानसिक त्रास हुआ.

## नवी मुंबई की वायुसेवा 29 से शुरू होगी

**जबलपुर, 08 मार्च. जबलपुर से नवी मुंबई के बीच इंडिगो की प्रस्तावित सीधी वायुसेवा 29 मार्च से शुरू हो रही है. इस वायुसेवा के होने से महाकौशल क्षेत्र के नागरिकों, उद्योग-व्यापार जगत तथा पर्यटन क्षेत्र को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की संभावना है.**

यह जानकारी वायुसेवा संघर्ष समिति उड़ान जबलपुर के संयोजक हिमांशु खरे ने देते हुए नवभारत को बताया कि यह नई हवाई कनेक्टिविटी न केवल जबलपुर को देश की आर्थिक राजधानी से जोड़ने का कार्य




करेगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति प्रदान करेगी. हिमांशु ने ये भी कहा कि नवी मुंबई के नए उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें उपलब्ध हैं जिनमें निकट भविष्य में और बढ़ोत्तरी होगी जिससे जबलपुर को कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा. इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों, पेशेवरों तथा आम नागरिकों को भी इस सेवा से बड़ा लाभ मिलेगा. साथ ही मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में अध्ययन, चिकित्सा, रोजगार और व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा करने वाले लोगों को समय की बचत के साथ सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध होगा. वायुसेवा संघर्ष समिति उड़ान जबलपुर के संयोजक हिमांशु खरे ने ये भी बताया कि इंडिगो ने जबलपुर से नवीं मुंबई के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए टिकिट बुकिंग भी शुरू कर दी है.

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**इंदौर, 08 मार्च. लसूड़िया थाना क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पिता घायल हो गए. मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि पिछले दिनों मेट्रो हॉल के पास वाइन शॉप के सामने घटना हुई थी. ट्रक चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार विनय शर्मा उम्र 50 साल और उनका बेटा रचित शर्मा उम्र 22 सड़क पर गिर गए. गिरने से विनय शर्मा के कंधे और पैर में चोट आई, जबकि रचित शर्मा को कमर के नीचे और गुप्तांगों में गंभीर चोट लगने से खून बहने लगा.

## सड़क हादसा में दो युवकों की मौत

**मुरैना, 08 मार्च . मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा सबलगढ़ थाना क्षेत्र के पहाड़ी पासौन गांव के पास देर रात हुआ, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी. दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई.**

जानकारी के अनुसार कैलारस क्षेत्र के नेपरी गांव निवासी दीपक जाटव अपने मित्र संजय कुशवाह के साथ बाइक से सबलगढ़ के बेनीपुरा गांव स्थित अपनी ससुराल गए थे.

देर रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों युवक बाइक से वापस अपने घर के लिए निकले. रास्ते में जब वे पहाड़ी पासौन गांव के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई. हादसे के बाद क्षेत्र में



अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही मध्यप्रदेश पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतकों के परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, परिवार में शोक की लहर दौड़ गई. पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है. वहीं इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल बना हुआ है.

## बाबा अचलनाथ निकले नगर भ्रमण पर

**ग्वालियर,08 मार्च. अचलेश्वर महादेव मंदिर से आज रंगपंचमी के मौके पर बाबा अचनाथ की सवारी निकाली गयी. डीजे और बैंड की धुनों पर चल समारोह में लोग नाचते-गाते दिखाई दिये. यात्रा की शुरूआत बाबा अचलनाथ की पूजा और आरती के साथ हुई.**

विभिन्न मार्गो पर लोग फूलों और रंगों की होली खेल रहे थे. चल समारोह शहर के इंदरगंज चोराहा, दालबाजार, नया बाजार, लोहिया बाजार, ऊंट पुल से पाटनकर बाजार, दौलतगंज, महाराज बाड़ा, डीडवाना ओली, राम मंदिर चौराहा, फिर ऊंट पुल से होते हुए अचलेश्वर महादेव मंदिर पर आकर संपन्न हुआ. बाबा अचलनाथ के स्वागत में कई स्थानों पर प्रसादी का भी वितरण किया गया. राम मंदिर पहुंचने पर बाबा अचलनाथ ने भगवान राम के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली. इसके अतिरिक्त, सनातन धर्म मंदिर में चक्रधर भगवान के साथ भी रंगोत्सव मनाया गया. इस



धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर प्रबंधन और श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया. रंगपंचमी के मौके पर हर वर्ष बाबा नगर भ्रमण यात्रा पर निकलते है.

बाबा अचलनाथ की सवारी ने अचलेश्वर महादेव मंदिर से नगर भ्रमण के लिये प्रस्थान किया. नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओ ने जगह-जगह बाबा अचलनाथ की सवारी का स्वागत कर फूलों की वर्षा की.कार्यक्रम के समापन पर बाबा अचलनाथ की सवारी मंदिर वापस लौटी, जहां आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया. इस आयोजन के दौरान एक दानदाता द्वारा मंदिर के स्तंभों के लिए 5 किलो चांदी दान करने की बात भी सामने आई है. मंदिर प्रबंधन के अनुसार आज मंदिर की सभी दानपेटियां भी खोली गई. रंगपंचमी के इस भव्य आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा. बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए.

## एक नजर में



### सृष्टि गोयल ने अध्यक्ष तोमर से की भेंट

**ग्वालियर.** यूपीएससी परीक्षा में 160 वी रैंक प्राप्त आईएएस बनने का सपना साकार करने वाली ग्वालियर की बिटिया सृष्टि गोयल ने यूपीएससी एग्जाम में 160 वीं रैंक प्राप्त करने के पश्चात मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से उनके निवास 29 रेसकोर्स रोड ग्वालियर पर भेंट कर आशीर्वाद लिया. तोमर ने सृष्टि गोयल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी. उन्होंने सृष्टि गोयल को गमछा पहनाकर, पुष्प देकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया. इस अवसर पर सृष्टि गोयल के पिता सुनील गोयल मौजूद थे.

### सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्पॉट का निरीक्षण

**बड़वानी.** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने 8 मार्च को जुलवानिया क्षेत्र के चिन्हित ब्लैक स्पॉट एबी रोड आशीर्वाद कट पॉइंट और ग्राम देवला रोड (द राजहंस होटल के पास) का निरीक्षण किया .निरीक्षण के दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों को दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए. साथ ही यातायात संकेतक लगाने, बैरिकेडिंग करने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए .इस दौरान ग्राम देवला रोड स्थित ब्लैक स्पॉट पर एक महिला दोपहिया वाहन से रॉन्ग साइड जाती हुई मिली. एसपी ने वाहन रुकवाकर उसे यातायात नियमों की जानकारी दी और भविष्य में ऐसी गलती न करने की समझाइश दी. उन्होंने कहा कि रॉन्ग साइड वाहन चलाना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है.

### नकबजनी की वारदात का खुलासा, 3 गिरफ्तार

**आलीराजपुर.** शहर में हुई नकबजनी की सनसनीखेज वारदात का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 5.10 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और मोबाइल बरामद किए हैं. पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के अनुसार फरियादी रविन्द्रसिंह भाटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 फरवरी को इंदौर से लौटने पर घर का दरवाजा टूटा मिला और अलमारी से सोने के आभूषण चोरी हो गए थे. मामले में अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी सोनू सितोले के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की गई. सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दीपक उर्फ अन्ना, संजय उर्फ बाबा और मजानसिंह उर्फ मदन को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस ने उनके पास से सोने-चांदी के आभूषण व मोबाइल बरामद कर लिया है. कार्रवाई में पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा.

## व्यापारी के घर में आग, महिला की मौत

### आर्मी, एयरफोर्स की फायर ब्रिगेड भी पहुंची

**ग्वालियर, 08 मार्च. बालाबाई के बाजार क्षेत्र में लकड़ी व्यापारी के घर में भीषण आग लग गई. इसमें एक महिला की मौत हो गई. कांग्रेस विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने अंकिता नाम की महिला की मौत की पुष्टि की है. उनका कहना है कि भीषण आग लगी है, आसपास के मकान खाली कराए जा रहे हैं.**

दौलतगंज इलाके में स्थित बालाबाई के बाजार क्षेत्र में लकड़ी के बड़े व्यापारी कुंजविहारी के घर में भीषण आग लग गई. आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई. अभी तक पांच लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जबकि कई लोगों के अभी भी अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है.



सूचना मिलते ही करीब एक दर्जन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हैं. हालात को देखते हुए आर्मी और एयरफोर्स की फायर ब्रिगेड टीम भी मौके पर पहुंच गई है और राहत-बचाव कार्य जारी है.घटना में एक महिला की मौत की खबर सामने आई है. बताया जा रहा है कि अस्पताल ले जाते समय महिला अंकिता अग्रवाल ने दम तोड़ दिया. मौके पर पहुंचे कांग्रेस विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने की अंकिता की मौत की पुष्टि की है. कांग्रेस विधायक का कहना है कि भीषण आग लगी है. आसपास के मकान खाली कराए जा रहे हैं.

## धमाके के बाद शिवपुरी में अवैध मावा फैक्ट्री का पर्दाफाश

**शिवपुरी, 08 मार्च. जिले के बैराड़ कस्बे में एक अवैध मावा फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. यहां हुए एक धमाके के बाद तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें सड़ा हुआ मावा, दूध, रिफाइंड और डिटर्जेंट बरामद हुआ.**

फैक्ट्री को सील कर दिया गया है और मामले की रिपोर्ट पोहरी एसडीएम को भेजी गई है. यह घटना बैराड़ तहसीलदार निवास के पीछे स्थित एक मकान में हुई. बंद फैक्ट्री के अंदर अचानक तेज धमाका हुआ, जिसके बाद धुएं का गुबार उठने लगा. धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए और मौके पर भीड़ जमा हो गई. 1 क्विंटल सड़ा मावा, 50 किलो पन्नी पैक मावा, 1 क्विंटल दूध, समेत कई अन्य सामग्री मिली है. सूचना मिलते ही तहसीलदार द्रगपाल सिंह बैश मौके पर पहुंचे. फैक्ट्री पर ताला लगा हुआ था. इसके बाद उन्होंने फायर ब्रिगेड और नगर परिषद के कर्मचारियों को बुलाया. कुछ देर बाद फैक्ट्री संचालक विवेक गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता भी मौके पर पहुंच गया. तहसीलदार और पटवारियों की टीम ने ताला खुलवाकर फैक्ट्री के अंदर गहन जांच की. इस दौरान करीब 1 क्विंटल सड़ा हुआ मावा, 50 किलो पन्नी में पैक मावा, 1 क्विंटल दूध, 15 किलो घी, एक कट्टी रिफाइंड, डिटर्जेंट और मावा बनाने की अन्य सामग्री मिली. साथ ही, कढ़ाई, इलेक्ट्रिक भट्टी और लकड़ी की भट्टी भी बरामद हुई.

## 24 घंटे में अंतरराज्यीय डकैती गिरोह का पर्दाफाश

**झाबुआ, 08 मार्च.** मध्यप्रदेश के झाबुआ में कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर अंतरराज्यीय डकैती गिरोह का पर्दाफाश कर दिया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 40 लाख 50 हजार रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया है, जिसमें 11.400 किलोग्राम चांदी के जेवरात भी शामिल हैं. पुलिस के अनुसार 5 मार्च 2026 को फरियादी पूनमचंद चौहान मेघनगर से सोने-चांदी के आभूषण लेकर झाबुआ आ रहे थे. दोपहर करीब 2 बजे फुलमाल तिराहे के पास हाईवे पर अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर मारपीट की और गहनों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए. मामले में अपराध क्रमांक 167/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई. पुलिस अधीक्षक शिव दयाल सिंह के निर्देशन में तीन विशेष टीमें गठित की गईं.

**महिला दिवस** | उप मुख्यमंत्री ने विश्व महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

## महिलाओं के सम्मान से समाज होता समृद्ध : शुक्ल

**भोपाल, 8 मार्च. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा स्थित शासकीय पीएम श्री आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में महिलाओं का सम्मान किया. कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया.**

समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिक काल से ही महिलाओं को समाज और परिवार में विशेष स्थान दिया गया है. उन्होंने कहा कि शास्त्रों में उल्लेख है—जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवताओं का



वास होता है. महिलाओं को सम्मान देने से समाज में समृद्धि और खुशहाली आती है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं. उप मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत और नगरीय निकायों तथा पंचायत राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है. उन्होंने कहा कि महिलाओं में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है, अवसर मिलने पर वे हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं.

उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिली है.

## हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम नहीं तो होगी कार्रवाई

- जिले में फसल अवशेष जलाने पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**सोयतकलां, 8 मार्च. जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिला आगर मालवा की संपूर्ण राजस्व सीमा में रबी फसल विशेष रूप से गेहूं की कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है.**

जारी आदेश के अनुसार खेतों में फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषण एवं जन स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव तथा जीव जन्तुओं की सुरक्षा के दृष्टिगतयह प्रतिबंध लगाया गया है. फसल कटाई के पश्चात खेतों में फसल अवशेष जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा.

हार्वेस्टर मशीन संचालकों को यह अनिवार्य होगा कि वे हार्वेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाकर ही फसल कटाई करें तथा खेत पर ही अवशेषों को भूसा बनाकर निपटान करें.

जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हार्वेस्टर में यदि स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम नहीं पाया जाता है तो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.